प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

06.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–कश्मीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन जम्मू–कश्मीर की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कटरा में चिनाब ब्रिज और अंजी पुल का उद्घाटन करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि अत्याधुनिक चिनाब ब्रिज जम्मू और श्रीनगर के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश अब रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू–कश्मीर का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारा पड़ोसी देश मानवता और गरीबों की आजीविका के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने न सिर्फ इंसानियत पर बल्कि कश्मीरियत पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र को निशाना बनाया गया जो कई कश्मीरी परिवारों को आजीविका प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा, उसे अपनी शर्मनाक हार याद आएगी।
आकाशवाणी

प्रधानमंत्री युवा शक्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आज कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के 11वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ़ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में युवा सशक्तिकरण पर केन्द्रित नीति और कार्यक्रम में एक निर्णायक परिवर्तन भी हुआ है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि युवा विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

उपराष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंचे। शिमला पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मिनिस्टर–इन वेटिंग व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, जीओसी–इन–सी आरट्रेक लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, विधायक नीरज नैयर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और प्रदेश सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उप–राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर प्रदेशवासियों की ओर से उप–राष्ट्रपति को हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उप–राष्ट्रपति हिमाचल प्रवास के दौरान राजभवन में ठहरेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मॉकड्रिल

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज राज्यव्यापी भूकंप मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का जायजा लेने पहुंचे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सलाहाकार सेवानिवृत मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा में सबसे पहले आम लोगों को कार्य शुरू करना होता है और उसके बाद ही दमकल व आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचती हैं। ऐसे में लोगों का जागरूक होना सबसे जरूरी है। इसी मकसद से आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों को जांचा गया ताकि कमियों को दूर किया जा सके।

मॉकड्रिल के लिए प्रदेश के सभी 12 जिलों में उपमंडल स्तर तक भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा को लेकर परिदृश्य बनाया गया और सभी संबंधित विभागों ने इस अभ्यास में सक्रिय तौर पर भाग लिया। यह मैगा मॉक ड्रिल प्रदेश में आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष से लेकर तकनीकी सहयोग बढाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इधर भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी.रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए रोवर का आभार व्यक्त किया।

**रवि शंकर प्रसाद——*च्छी मुलाकातें हुई और पूरी व्यवस्था के लिए मैं एंबेंसडर कुमार और उनकी पूरी टीम का अभिनंदन करता हूं। पूरे ब्रसेल्स में यूरोपियन पारलेमेंट में बेल्जियम के पदाधिकारियों, विदेश विभाग, यूरोपियन पारलेमेंट सबसे मिलने के बाद एक निष्कर्ष लगा कि आतंकवाद की चिंता से वो भी परेशान हैं।***

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। सुरेश कश्यप आज शिमला में केंद्रीय योजनाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सुरेश कश्यप ने लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत सहित अन्य विभागों में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का फीडबैक लिया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हिमाचल के लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सड़कें इसी योजना के तहत बन रही हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को टारिंग का कार्य बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। सुरेश कश्यप ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत बजट की कमी को दूर करने के लिए वह जल्द ही केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करेंगे।